रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-31012025-260611
CG-DL-E-31012025-260611

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 55] नई दिल्ली, बुधवार , जनवरी 29, 2025/माघ 9, 1946
No. 55] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 29, 2025/MAGHA 9, 1946

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 2025

सा.का.नि. 84(अ).— केन्द्रीय सरकार वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) की धारा 21 क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ परामर्श करने के पश्चात, निम्नलिखित दिशा-निर्देश बनाती है, अर्थात:-

अध्याय 1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन दिशा निर्देशों का संक्षिप्त नाम वायु प्रदूषण नियंत्रण (सहमति प्रदान, इंकार या रद्द) दिशा निर्देश, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएँ. (1) इन दिशा निर्देशोंमें, जब तक कि संदर्भ अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 अभिप्रेत है;

(ख) "केन्द्रीय बोर्ड" से जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 3 के अधीन गठित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अभिप्रेत है;

(ग) ''शुल्क'' से संस्थापित या संचालित करने हेतु अनुमति प्रदान करने हेतु राज्य बोर्डों द्वारा प्रभारित शुल्क अभिप्रेत है।

(घ) "प्ररूप" से इन नियमों के साथ संलग्न प्रथम अनुसूची के अधीन निर्धारित प्ररूप अभिप्रेत है;

(ड.) "औद्योगिक संयंत्र" से कोई ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसका प्रयोग किसी औद्योगिक या व्यापारिक प्रयोजन हेतु किया जाता है और जोवायुमंडल में वायु प्रदूषण उत्सर्जित करता हो;

(च) 'लाल', 'नारंगी', 'हरा' और 'नीला' संकेद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर श्रेणीकृत औद्योगिक क्षेत्रों।कार्यकलापों की श्रेणियां अभिप्रेत हैं।

(छ) "अनुसूची" से इन दिशा निर्देशों के साथ संलग्न अनुसूची से है;

(ज) "राज्य बोर्ड" में संघ राज्य क्षेत्र प्रदूषण नियंत्रण समिति भी सम्मिलित है।

(झ) उन शब्दों और पदों के जो इन दिशा निर्देशों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम या नियमों में परिभाषित हैं जो वही अर्थ होंगे जो क्रमश: अधिनियम और इन नियमों में दिया गया है।

अध्याय 2
सहमति हेतु आवेदन और फीस

3. सहमति हेतु आवेदन का प्ररूप और फीस.- (1) अधिनियम की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र की स्थापना करने या प्रचालन करने के लिए सहमति हेतु प्रत्येक आवेदन प्रथम अनुसूची में दिए गए प्ररूप में किया जाएगा और उसमें औद्योगिक संयंत्र का विवरण तथा प्ररूप में दिए गए अन्य विवरण अंतर्विष्ट होंगे और साथ में इन दिशा-निर्देशों के पैरा 5 के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, जो भी मामला हो, यथा यथाविनिर्दिष्ट फीस भी संलग्न करनी होगी।

(2) अधिनियम की धारा 21 के अधीन विधिमान्यता अवधि समाप्त होने के चार मास पूर्व प्रचालन हेतु सहमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर फीस में पांच प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

(3) अधिनियम की धारा 21 के अधीन अनुमति के नवीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन हेतु नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट दर से विलम्ब फीस का भुगतान करना होगा:

सारणी

क्र.सं.	आवेदन करने की अवधि	विलम्ब फीस के रूप में अतिरिक्त फीस
(1)	(2)	(3)
1	विधिमान्यता अवधि के 120 से 45 दिनों तक	फीस का 25 प्रतिशत
2	45 दिनों से विधिमान्यता समाप्त होने तक	फीस का 50 प्रतिशत
3	विधिमान्यता समाप्त होने के बाद।	फीस का 100प्रतिशत

4. सहमति की विधिमान्यता अवधि.- (1) स्थापना करने की सहमति, इसके प्रदान किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी।

(2) पांच वर्ष की विधिमान्यता अवधि को धारक द्वारा आवेदन किये जाने पर अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा, जिससे स्थापना के लिए सहमति प्रदान किये जाने की तारीख से विधिमान्यता की कुल अवधि सात वर्ष हो जाएगी।

(3) परिचालन के लिए सहमति निम्नलिखित अवधि के लिए विधिमान्य होगी-

(क) लाल प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र के मामले में पांच वर्ष;

(ख) नारंगी प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र के मामले में दस वर्ष;

(ग) हरित प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र के मामले में, पंद्रह वर्ष ।

(घ) नीला प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र के मामले में अतिरिक्त दो वर्ष

5. सहमति के लिए फीस-- (1) स्थापित या संचालित करने के लिए अनुमति हेत फीस राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट की जाएगी जो दूसरी अनुसूची में यथानिर्दिष्ट फीस से अधिक नहीं होगी।

(2) द्वितीय अनुसूची के अधीन विनिर्दिष्ट की गयी फीस की रकम अधिकतम है और राज्य सरकार, इस संबंध में राज्य बोर्ड द्वारा निर्धारित फीस की न्यूनतम रकम के अध्यधीन कम फीस निर्धारित कर सकेगी तथा फीस की कोई न्यूनतम सीमा नहीं होगी, यह सीमा राज्य बोर्ड द्वारा वांछित किसी भी स्तर की हो सकेगी।

(3) फीस की रकम में पैरा 5(1) में निर्धारित सीमा के भीतर विद्यमान फीस की रकम से दस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं की जा सकेगी तथा दो वर्ष में एक बार से अधिक वृद्धि नहीं की जा सकेगी:

परंतु फीस की रकम में कितनी ही बार कमी की जा सकेगी।

6. सहमति के लिए आवेदन की जांच करने की प्रक्रिया। (1) सहमति के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड अपने किसी अधिकारी को, ऐसे अन्य अधिकारियों के साथ, जो आवश्यक हों, आवेदक या अधिभोगी के नियंत्रण के अधीन किसी स्थान या परिसर का दौरा करने और निरीक्षण करने के लिए, आवेदन में दी गई विशिष्टियों की सत्यता या अन्यथा का सत्यापन करने के लिए या ऐसी अतिरिक्त विशिष्टियों या जानकारी प्राप्त करने के लिए, जो ऐसे अधिकारी की राय में आवश्यक हो, प्रतिनियुक्त कर सकेगा।

(2) उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी, उस प्रयोजनार्थ, ऐसे किसी स्थान या परिसर का निरीक्षण कर सकेगा जहां चिमनी से ठोस, तरल या गैसीय उत्सर्जन होता हो या परिसर के भीतर किसी भी स्थान से गैर-इरादतन (फ्यूजिटिव) उत्सर्जन होता हो और ऐसा अधिकारी आवेदक या अधिभोगी से नियंत्रण उपस्कर या प्रणालियों या उसके किसी भाग से संबंधित कोई योजना, विनिर्देश या अन्य डेटा प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है, जिसे वह आवश्यक समझता है।

(3) उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी आवेदक के किसी भी परिसर का दौरा करने से पहले आवेदक को ऐसा करने के अपने आशय की सूचना देगा।

(4) आवेदक ऐसे अधिकारी को सभी सूचनाएं उपलब्ध कराएगा तथा निरीक्षण के लिए उचित रूप से आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

(5) उप-पैरा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी, निरीक्षण करने से पहले या उसके पश्चात्, आवेदक से मौखिक रूप से या लिखित रूप में ऐसी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण देने या उसके समक्ष ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा, जिन्हें वह आवेदन की जांच के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझे और उस प्रयोजनार्थ आवेदक या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता को राज्य बोर्ड के कार्यालय में बुला सकेगा।

7. खतरनाक और अन्य अपशिष्टों के लिए साझी सहमति और प्राधिकार.- खतरनाक एवं अन्य अपशिष्टों के प्रबंधन के लिए अधिनियम की धारा 21 के अधीन सहमति प्रदान करने के लिए एकल-चरणीय प्रक्रिया अपनाई जाएगी जिसमें सहमति के

साथ ही समय-समय पर यथासंशोधित परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016 के तहत प्राधिकार भी प्रदान किया जाएगा।

8. सहमति प्रदान करने की अवधि.- (1) अधिनियम की धारा 21 के अधीन प्रत्येक आवेदन पर, आवेदन प्राप्ति की तारीख से नीचे दी गई सारणी में निर्दिष्ट अवधि के भीतर सभी मामलों में सहमति प्रदान की जाएगी या आवेदन इंकार किया जाएगा:

सारणी

क्र.सं.	**आवेदन**	**अवधि (दिनों में)**		
		लाल	**नारंगी**	**हरा**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	स्थापना करने के लिए सहमति प्रदान करना या आवेदन इंकार करना	60	45	30
2	प्रचालन हेतु सहमति प्रदान करना या आवेदन इंकार करना, पहली बार	90	60	30
3	सहमति का नवीनीकरण या विस्तार या संशोधन की सहमति प्रदान करना या आवेदन इंकार करना	120	60	30

(2) यदि सहमति के लिए आवेदन पर राज्य बोर्ड द्वारा उप-पैरा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्णय नहीं लिया जाता है, तो मामले को पैरा 15 के अधीन गठित राज्य स्तरीय निगरानी समिति को अग्रेषित किया जा सकेगा, जो आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर उसका निपटान करेगी।

(3) यदि उप-पैरा (2) के अधीन आने वाले आवेदन के मामले में राज्य बोर्ड का सदस्य सचिव मामले को समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(4) समिति ऐसे आवेदन पर निर्णय करते समय, सहमति प्रदान करने या आवेदन इंकार करने में विलम्ब के कारणों पर विचार करेगी तथा जहां विलम्ब के कारण न्यायोचित नहीं होंगे, वहां समुचित अनुशासनिक कार्रवाई की सिफारिश करेगी तथा राज्य बोर्ड ऐसे निर्णय की अनुपालना करेगा। समिति अधिनियम की धारा 39ख के अधीन संबंधित न्यायनिर्णायक अधिकारी के समक्ष अधिनियम के उल्लंघन का मामला प्रस्तुत करने की भी सिफारिश कर सकेगी।

अध्याय 3
औद्योगिक संयंत्र की स्थापना करने के लिए मानदंड

9. स्थान के चयन की प्रक्रिया.- (1) केन्द्रीय सरकार के मत में, औद्योगिक आयोजना और विनिर्माण प्रक्रिया में हुए प्रौद्योगिकीय और वैज्ञानिक विकास को ध्यान में रखते हुए,किसी स्थान पर औद्योगिक संयंत्र स्थापित करने पर प्रतिबंधलगाया जा सकेगा जिससे संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, आर्द्रभूमियों और पुरातत्व स्मारकों को संरक्षित किया जा सके।

(2) औद्योगिक संयंत्र, यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, द्वारा निर्धारित संबंधित मानदंडों का अनुपालन करेगा।

(3) औद्योगिक संयंत्र स्थापित करते समय निम्नलिखित न्यूनतम दूरी बनाए रखी जाएगी, अर्थात:-

(क) निम्नलिखित प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र की स्थापना के मामले में राजस्व अभिलेखों के अनुसार सतही जल निकाय (बाढ़ मैदान/एचएफएल/लाल रेखा) की निकटतम सीमा से-

(i) लाल प्रवर्ग के, पांच सौ मीटर से परे;

(ii) नारंगी प्रवर्ग-

(क) बहिस्रावी उत्सर्जन के मामले में, पचहत्तर मीटर से परे;

(ख) बिना बहिस्रावी उत्सर्जन के मामले में, तीस मीटर से परे;

(iii) हरा प्रवर्ग, तीस मीटर से परे;

(ख) निम्नलिखित प्रवर्ग के औद्योगिक संयंत्र के मामले में बस्ती, शैक्षणिक संस्थान, पूजा स्थल, पुरातात्विक स्मारकों, राष्ट्रीय उद्यान, आरक्षित वन, विरासत स्थल से -

(i) लाल प्रवर्ग के, पांच सौ मीटर से परे;
(ii) नारंगी प्रवर्ग के, दो सौ मीटर से परे;
(iii) हरी प्रवर्ग के, एक सौ मीटर से परे।

(ग) राज्य बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि औद्योगिक संयंत्र अन्य विधियों, विनियमों और विनियमनों तथा अधिसूचनाओं का अनुपालन करे।

(घ) औद्योगिक संयंत्र के स्थान से होकर गुजरने वाले प्राकृतिक या तूफानी (स्टॉर्म) नाले को बाधित नहीं किया जाएगा।

IndiaCode

अध्याय 4
सहमति प्रदान, इंकार या रद्द करना

10. स्थापना करने के लिए सहमति प्रदान करना.-- (1) अधिनियम की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र की स्थापना करने के लिए सहमति हेतु प्रत्येक आवेदन प्ररूप 1 में किया जाएगा और उसमें औद्योगिक संयंत्र का विवरण होगा तथा उसके साथ नए संयंत्र हेतु तथा औद्योगिक संयंत्र के प्रारंभ होने से पूर्व विस्तार, आधुनिकीकरण, उत्पाद या प्रक्रिया में परिवर्तन के मामले में फीस भी संलग्न होगी।

(2) औद्योगिक संयंत्र पैरा 9 के अधीनविनिर्दिष्ट स्थान संबंधी मानदंडों की अनुपालना करेगा।

(3) किसी भी औद्योगिक संयंत्र को गैर-अनुरूप क्षेत्रों या प्रतिबंधित या निषिद्ध क्षेत्रों में स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) सहमति के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड अपने किसी अधिकारी को, यथावश्यक ऐसे अन्य अधिकारियों के साथ, आवेदक या अधिभोगी के नियंत्रणाधीन किसी स्थान, जगह या परिसर का दौरा करने और निरीक्षण करने के लिए, आवेदन में दी गई विशिष्टियों की सत्यता या अन्यथा का सत्यापन करने के लिए या ऐसी अतिरिक्त विशिष्टियां या जानकारी प्राप्त करने के लिए, जो ऐसे अधिकारी की राय में आवश्यक हो, प्रतिनियुक्त कर सकेगा।

(5) उप-पैरा (4) के अधीन दिये गये रिपोर्ट के आधार पर अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन निम्नलिखित शर्तों के साथ सहमति प्रदान की जाएगी, अर्थात्:-

(i) राज्य बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित विनिर्देशों वाले नियंत्रण उपस्कर उद्योग स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तावित परिसर में संस्थापित और प्रचालित किए जाएंगे;
(ii) नियंत्रण उपस्कर को हर समय सुचारू स्थिति में रखा जाएगा;

(iii) इस संबंध में राज्य बोर्ड द्वारा अनुमोदित विनिर्देशों वाली चिमनी, जहां भी आवश्यक हो, ऐसे परिसरों में स्थापित की जाएगी; तथा

(iv) राज्य बोर्ड द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट की जाने वाली ऐसी अन्य शर्तें।

(6) उप-पैरा (5) में विनिर्दिष्ट शर्तों की अनुपालना राज्य बोर्ड द्वारा इस संबंध में विनिर्धारित ऐसी अवधि के भीतर की जाएगी।

11. प्रचालन हेतु सहमति प्रदान करना। --- (1) एक बार औद्योगिक संयंत्र के अपेक्षित प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली के साथ स्थापित हो जाने और प्रचालन के लिए तैयार हो जाने के पश्चात, अधिभोगी को प्रचालन के लिए सहमति प्राप्त करनी होगी।

(2) अधिनियम की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र को प्रचालित करने की सहमति का प्रत्येक आवेदन प्ररूप 2 में करना होगा और जिसमें निम्नलिखित विवरण देना होगा तथा निम्नलिखित रिपोर्ट के साथ प्रचालन की सहमति प्रदान करने हेतु फीस भी संलग्न करनी होगी, अर्थात:-

(क) स्थापना की सहमति में प्राकक्लन की विनिर्धारित शर्तों की अनुपालना रिपोर्ट;
(ख) पर्यावरणीय स्वीकृति, यदि लागू हो, में विनिर्धारित शर्तों की अनुपालना रिपोर्ट।

(3) प्रचालन की सहमति के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड अपने किसी अधिकारी को, यथावश्यक ऐसे अन्य अधिकारियों के साथ, आवेदक या अधिभोगी के नियंत्रणाधीन किसी स्थान या परिसर का दौरा करने और निरीक्षण करने के लिए, आवेदन में दी गई विशिष्टियों की सत्यता या अन्यथा का सत्यापन करने के लिए या ऐसी अतिरिक्त विशिष्टियां या जानकारी प्राप्त करने के लिए, जो ऐसे अधिकारी की राय में आवश्यक हो, प्रतिनियुक्त कर सकेगा।

(4) प्रत्येक व्यक्ति को, उप-पैरा (3) के अधीन दी गई रिपोर्ट के आधार पर अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन प्रचालन की सहमति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान की जाएगी, अर्थात्:-

(i) राज्य बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऐसे विनिर्देशों वाले नियंत्रण उपस्कर उस परिसर में प्रचालित किए जाएंगे जहां उद्योग लगाया गया हो;

(ii) विद्यमान नियंत्रण उपस्कर, यदि कोई हो, को राज्य बोर्ड के अनुमोदन के बिना परिवर्तित या प्रतिस्थापित नहीं किया जाएगा;

(iii) खंड (i) या खंड (ii) में विनिर्दिष्ट नियंत्रण उपस्कर को हर समय सुचारू स्थिति में रखा जाएगा;

(iv) राज्य बोर्ड द्वारा यथानुमोदित विनिर्देशों वाली चिमनी,जहां लागू हो, का परिसर में प्रचालन और रखरखाव किया जाएगा; तथा उसे ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

(5) उप-पैरा (4) में संदर्भित शर्तों की अनुपालनाराज्य बोर्ड द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर करनी होगी।

(6) संचालन की सहमति में सहमति की विधिमान्यता अवधि निर्दिष्ट की जाएगी।

12. प्रचालन हेतु सहमति का नवीनीकरण.--- (1) अधिनियम की धारा 21 के अधीन प्रचालन हेतु सहमति के नवीनीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन प्ररूप 2 में किया जाएगा और इसमें निम्नलिखित का विवरण होगा तथा प्रचालन हेतु सहमति के नवीनीकरण के लिए फीस भी संलग्न होगा, अर्थात:-

(क) प्रचालन की सहमति में विनिर्धारित शर्तों का अनुपालना रिपोर्ट।
(ख) पर्यावरणीय स्वीकृति, यदि लागू हो, में निर्धारित शर्तों का अनुपालना रिपोर्ट।
(ग) पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट पर्यावरणीय विवरण प्रस्तुत करना;
(घ) खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार आवागमन) नियम, 2016 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट वार्षिक विवरिणी प्रस्तुत करना; और
(ङ) विनिर्माण प्रक्रिया, उत्पादन क्षमता, प्रदूषण भार, उत्सर्जन में कोई परिवर्तन नहीं करने संबंधी घोषणा।

(2) प्रचालन की सहमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड अपने किसी अधिकारी को, यथावश्यक ऐसे अन्य अधिकारियों के साथ, आवेदक या अधिभोगी के नियंत्रणाधीन किसी स्थान या परिसर का दौरा करने और निरीक्षण करने के लिए, आवेदन में दी गई विशिष्टियों की सत्यता या अन्यथा का सत्यापन करने के लिए या ऐसी अतिरिक्त विशिष्टियां या जानकारी प्राप्त करने के लिए, जो ऐसे अधिकारी की राय में आवश्यक हो, प्रतिनियुक्त कर सकेगा।

(3) प्रत्येक व्यक्ति को, उप-पैरा (2) के अधीन दी गई रिपोर्ट के आधार पर अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रचालन की सहमति प्रदान की जाएगी, अर्थात्:-

(i) राज्य बोर्ड द्वारा यथाअनुमोदित ऐसे विनिर्देशों वाले नियंत्रण उपस्कर उस परिसर में प्रचालित किए जाएंगे जहां उद्योग लगाया गया हो;

(ii) विद्यमान नियंत्रण उपस्कर, यदि कोई हो, को राज्य बोर्ड के अनुमोदन के बिना परिवर्तित या प्रतिस्थापित नहीं किया जाएगा;

(iii) खंड (i) या खंड (ii) में विनिर्दिष्ट नियंत्रण उपस्कर को हर समय सुचारू स्थिति में रखा जाएगा;

(iv) राज्य बोर्ड द्वारा अनुमोदित विनिर्देशों के अनुसार चिमनी,जहां भी लागू हो, का परिसर में प्रचालन और रखरखाव किया जाएगा; तथा उसे ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

(4) उप-पैरा (3) में संदर्भित शर्तों की अनुपालनाराज्य बोर्ड द्वारा इस संबंध में नियत ऐसी अवधि के भीतर की जाएगी।

(5) प्रदान की गई सहमति में सहमति की विधिमान्यता विनिर्दिष्ट की जाएगी।

13. सहमति से इंकार और रद्द करना.--- (1) राज्य बोर्ड, जिस अवधि के लिए सहमति दी गयी थी, उस अवधि की समाप्ति से पूर्व इसे रद्द कर सकेगा या सहमति की समाप्ति पर, यदि जिन शर्तों के अधीन सहमति दी गई थीवे पूरी नहीं होने पर नवीनीकरण करने से इंकार कर सकेगा।

(2) सहमति को निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर इंकार या रद्द किया जा सकेगा, अर्थात :---

(i) यदि औद्योगिक संयंत्र ऐसे औद्योगिक संयंत्र की अवस्थिति से संबंधित मानदंडों को पूरा नहीं करे;

(ii) ऐसी सहमति की शर्तों की अनुपालन न की जाए;

(iii) पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के अधीन शर्तों की अनुपालन न की जाए;

(iv) उनकी प्रक्रिया और उसके प्रचालन में परिवर्तन आने पर;

(v) उत्सर्जन मानकों की अनुपालन न किए जाने पर तथा वायु प्रदूषण नियंत्रण उपस्करों, गैर-इरादतन (फ्यूजिटिव) उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों या किसी अन्य निर्धारित उपस्कर आदि को उन्नत करने में विफल रहने पर;

(vi) न्यायालय के निदेशों, दिशा-निर्देशों, अधिसूचनाओं और मानक प्रचालन प्रक्रियाओं की अनुपालन नहीं किए जाने पर।

(vii) पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को गंभीर क्षति पहुंचाने वाले अपशिष्ट या उत्सर्जन का आकस्मिक बहिस्राव होने पर;

(viii) दुर्घटना घटित होने पर जिसके परिणामस्वरूप विद्यमान प्रणालियों और पर्यावरण को क्षति पहुँची हो;

(ix) किसी भी समय लागू विधि के अधीन यथा-अपेक्षित किसी भी फीस, पर्यावरण क्षतिपूर्ति या बैंक गारंटी का भुगतान न किये जाने पर;

(x) औद्योगिक संयंत्र को किसी निषिद्ध क्षेत्र में प्रस्तावित किये जाने या स्थापित किये जाने पर;

(xi) औद्योगिक संयंत्र से संबंधित अपूर्ण जानकारी या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाए जाने पर;

(xii) किसी भी अन्य लागू नियमों और विनियमों के उपबंधों का उल्लंघन किए जाने पर।

(3) सहमति देने से इंकार या रद्द करने से पहले संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का उचित अवसर दिया जाएगा।

(4) सहमति देने से इंकार या रद्द करने के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा और जिस व्यक्ति को सहमति देने से इंकार किया गया है, उसे, यथोचित, आवश्यक निर्देशों के साथ विधिवत सूचित किया जाएगा।

अध्याय 5
निगरानी समिति

14. राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति--- (1) राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित सदस्यों वाली एक निगरानी समिति इन दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन की देखरेख और निगरानी करेगी, अर्थात:-

(क) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में भारत सरकार के अपर सचिव या संयुक्त सचिव, जो अधिनियम से संबंधित कार्य देखते हों - अध्यक्ष;

(ख) केंद्रीय बोर्ड के सदस्य सचिव - सदस्य,

(ग) तीन राज्य बोर्डों के सदस्य सचिव, जिन्हें केन्द्रीय सरकार तीन वर्ष की अवधि के लिए चक्रानुक्रम से नामनिर्दिष्ट करेगी - सदस्य।

(घ) केंद्र सरकार के अनुमोदन से समिति द्वारा किसी अन्य सदस्य को सहयोजित किया जा सकेगा।

(2) निगरानी समिति की प्रत्येक तीन महीने में कम से कम एक बैठक होगी।

15. राज्य स्तरीय निगरानी समिति---(1) राज्य स्तर पर निम्नलिखित सदस्यों वाली एक निगरानी समिति इन दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन की देखरेख और निगरानी करेगी, अर्थात:-

(क) राज्य सरकार या राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के पर्यावरण विभाग का प्रभारी सचिव-अध्यक्ष;

(ख) राज्य बोर्ड के सदस्य सचिव-सदस्य;

(ग) राज्य सरकार के राज्य पर्यावरण विभाग द्वारा नामित कोई अधिकारी – सदस्य सचिव

(घ) केन्द्रीय बोर्ड का क्षेत्राधिकार रखने वाला क्षेत्रीय निदेशक - सदस्य।

(2) निगरानी समिति अपने समक्ष प्रस्तुत किये गये मामलों का भी निपटान करेगी।

(3) निगरानी समिति की प्रत्येक कैलेंडर मास में कम से कम एक बैठक होगी।

अध्याय 6
प्रकीर्ण

16. इन दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए पोर्टल.- केंद्रीय बोर्ड, राज्य बोर्डों के साथ परामर्श से,इन दिशा निर्देशों के प्रयोजनार्थ, इन दिशा निर्देशों के लागू होने की तारीख से अधिमानतः छह मास के भीतर और अधिकतम एक वर्ष की अवधि में एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करेगा।

2) पोर्टल चालू होने के पश्चात, अधिनियम की धारा 21 के अधीन सहमति प्रदान करने, इसके नवीनीकरण, सत्यापन, साइट निरीक्षण, इंकार या रद्द करने सहित, के लिए सभी आवेदनऐसे पोर्टल पर संसाधित और निपटाये जाएंगे।

IndiaCode

(3) पोर्टल विकसित होने तक, अधिनियम की धारा 21 के अधीन सहमति प्रदान करने, इसके नवीनीकरण, सत्यापन, साइट निरीक्षण, इंकार या रद्द करने सहित, के लिए सभी आवेदन वास्तविक रूप से निपटाये जा सकते हैं।

(4) पोर्टल इन दिशा निर्देशों के प्रबंधन और कार्यान्वयन के संबंध में एकल बिंदु डेटा भंडार के रूप में कार्य करेगा।

(5) केंद्रीय बोर्ड स्थापना करने या प्रचालन के लिए सहमति हेतु प्राप्त आवेदनों से मिलने वाली फीस की पांच प्रतिशत रकम, सेवा फीस के रूप में ले सकेगा, जिसे अधिनियम की धारा 33 के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण कोष में जमा किया जाएगा।

17. अतिरिक्त शर्तें राज्य बोर्ड स्थानीय शर्तों और नीतियों के अनुसार, सहमति में अतिरिक्त शर्तें सम्मिलित कर सकेगा, किंतु इन दिशा निर्देशों में विनिर्दिष्ट किसी भी शर्त या मानक का शिथिल नहीं करेगा।

18. उल्लंघन-- इन दिशा निर्देशों के किसी भी उपबंध की अनुपालना करने में विफल रहने की स्थिति में, उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध इस अधिनियम की धाराओं के अधीन कार्यवाही की जा सकेगी।

पहली अनुसूची

[पैरा 2(1)(ख), पैरा 3(1), पैरा 10(1), पैरा 11(2) और पैरा 12(1) देखें]

आवेदन का प्ररूप

प्ररूप I

[पैरा 10(1) देखें]

IndiaCode

वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र की स्थापना करने के लिए सहमति हेतु आवेदन

प्रेषक

सेवा में,

सदस्य सचिव

----------राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/समिति

महोदय,

मैं/हम मैसर्स _____ के _____ स्थान में स्थित उसके स्वामित्व वाली भूमि/परिसर से निम्नलिखित विवरण के अनुसार वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र स्थापित करने के लिए सहमति या उत्पाद, प्रचालन या प्रक्रिया या वायु प्रदूषकों के उपचार और उत्सर्जन में संशोधन करने के लिए सहमति हेतु आवेदन करता/करती हूं/करते हैं।

आवेदक द्वारा भरा जाए।

भाग क: साधारण

क्र. सं.		**आवश्यक विवरण**	:	
1.0		**परियोजना विवरण :**		
	1.1	परियोजना / उद्योग / टीएसडीएफ का नाम	:	
	1.2	परियोजना प्रस्ताव	:	नयी / विस्तार
	1.3	पर्यावरण स्वीकृति का विवरण	:	
	1.4	साइट / इकाई का पता	:	प्लॉट/सर्वे सं. : गाँव : तहसील : ज़िला : राज्य/संघ राज्यक्षेत्र : पिन कोड :
2.0		**आवेदक/अधिभोगी का विवरण:**		
	2.1	आवेदक/अधिभोगीका नाम	:	
	2.2	पदनाम	:	
	2.3	अधिभोगीकी राष्ट्रीयता		
	2.4	पत्राचार का पता	:	प्लॉट / सर्वे सं./ गली : गांव / कस्बा / शहर : तहसील : ज़िला : राज्य/संघ राज्यक्षेत्र : पिन कोड :
	2.5	संयंत्रप्रमुख का संपर्क विवरण और वैकल्पिक विवरण	:	नाम और पदनाम: : 1. 2. ई-मेल पता : 1. 2. लैंडलाइन नंबर : 1. 2. मोबाइल नंबर : 1, 2.
3.0		**कंपनी की विधिक स्थिति :**		
	3.1	वैयक्तिक / स्वामित्व प्रतिष्ठान/ साझेदारी फर्म / संयुक्त परिवार प्रतिष्ठान/ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी /	:	

IndiaCode

		सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी / विदेशी कंपनी / सीमित देयता भागीदारी। *टिप्पण : रजिस्ट्रीकरण संख्या और प्राधिकार का उल्लेख किया जाए।*		
	3.2	केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/ केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम/संयुक्त उद्यम (निजी+सरकारी), (सरकार+सरकारी), (निजी+निजी)	:	
4.0		**परियोजना/उद्योग/ कार्यकलाप का स्थान :**		
	4.1	स्थान	:	KML अपलोड करें
	4.2	परिबद्ध अक्षांश (उत्तर) (दशमलव के बाद 8 अंक तक)	:	अक्षांश से : अक्षांश तक :
	4.3	परिबद्ध देशांतर (पूर्व) (दशमलव के बाद 8 अंक तक)	:	से : तक :
	4.4	संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र, तटीय विनियमन क्षेत्र, जैवमंडल, जलाशय, वन, मैंग्रोव, नदियों, पुरातात्विक स्मारकों, गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्र, गैर-प्राप्ति शहर, प्रदूषित नदी खंड, हिल स्टेशन (600 मीटर से अधिक ऊंचाई), प्रमुख कस्बोंऔर शहरों में अवस्थित	:	
	4.5	भारत सर्वेक्षण टोपो संख्या	:	
	4.6	भूमि विवरण (पंचायत, तहसील, जिला के अनुसार)	:	स्वामित्व / पट्टे पर : कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) : क) गैर-वन भूमि (हेक्टेयर में) : ख) वन भूमि (हेक्टेयर में) : पट्टे परहोने की स्थिति में वार्षिक पट्टा मूल्य रु. : निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) : हरा पट्टी कवर- कुल क्षेत्रफल का प्रतिशत :
	4.7	भूमि का विस्तार वर्ग मीटर में	:	स्वामित्व-कृषि भूमि : औद्योगिक : परिवर्तित : औद्योगिक क्षेत्र : ग) आवेदित और गैर-आवंटित :

IndiaCode

				घ) आवेदित और आवंटित	:			
				ड.) पट्टे पर	:			
5.0		**परियोजना / उद्योग / कार्यकलाप की प्रवर्ग और वर्गीकरण:**						
	5.1	उद्योग का प्रवर्ग (लाल, नारंगी और हरा)	:	प्रवर्ग	:			
				प्रदूषण सूचकांक	:			
	5.2	औद्योगिक क्षेत्र / प्रकार	:					
	5.3	अत्यधिक प्रदूषणकारी / 17 प्रवर्ग / अन्य	:					
	5.4	पूंजी निवेश के आधार पर उद्योग का पैमाना (सूक्ष्म/लघु/मध्यम/दीर्घ)	:	कुल पूंजी निवेश (रु.)	:			
				पैमाना / वर्गीकरण	:			
	5.5	उत्पाद / उप-उत्पाद विनिर्माण क्षमता (टीपीडी / टीपीए)	:	**उत्पाद / उप-उत्पाद**	**:**	**क्षमता**		
					:			
					:			
					:			
	5.6	विनिर्माण क्षमता के लिए कच्चे माल/रसायनों की खपत (टीपीडी और टीपीए)	:	**कच्चा माल**	**:**	**खपत**		
					:			
					:			
					:			
	5.7	प्रक्रिया प्रवाह चार्ट और सामग्री संतुलन, प्रौद्योगिकी के लाभ आदि सहित संक्षिप्त विनिर्माण प्रक्रिया।	:	**संलग्न किया जाए।**				
	5.8	उत्पादन आरंभ होने की तारीख / अपेक्षित तारीख	:					
	5.9	नियोजित/नियोजित किये जाने वाले लोगों की संख्या	:					
	5.10	उद्योग की शिफ्ट / साप्ताहिक अवकाश	:	शिफ्ट (I / II / III) और घंटों में	:			
				साप्ताहिक अवकाश के दिन	:			
	5.11	एमएसआईएचसी नियमों के अनुसार खतरनाक रसायनों का उपयोग	:	**क्र. सं.**	**रसायन**	**एचएस कोड**	**भंडारण क्षमता**	**दैनिक खपत**
				1.				
				2				
				3.				
	5.12	पीएलआई अधिनियम, 1991 के तहत बीमा	:	**क) पॉलिसी सं. और पॉलिसी लेने वाला वर्ष :** **ख) बीमा कंपनी :** **ग) वैधता :** **घ) हानिपूर्ति सीमा (रु.) :**				

IndiaCode

				ङ) ईआरएफ को योगदान (रु.)

भाग ख: अपशिष्ट जल पहलू

6.0	**जल उपभोग और अपशिष्ट जल उत्सर्जन**			
6.1	जल का स्रोत	:	भूजल / नदी / औद्योगिक एस्टेट आपूर्ति / निजी टैंकर / समुद्र / पुनर्चक्रित / कोई अन्य, यदि कोई हो	
6.2	अनुमति देने वाला प्राधिकारी एवं अनुमत मात्रा	:	प्राधिकारी: मात्रा :	
6.3	विनिर्माण क्षमता के लिए जल की खपत (केएलडी)	:		
6.4	विनिर्माण क्षमता के लिए जल उपयोग। (विभिन्न बिंदुओं पर टीडीएस सहित मात्रा दर्शाते हुए जल शेष संलग्न करें)	:	**प्रयोजन** : **केएलडी** घरेलू : प्रक्रिया : बायलर : अन्य उपयोगिताएँ (कृपया निर्दिष्ट करें) :	
6.5	विनिर्माण प्रक्रिया के लिए अपशिष्ट जल उत्सर्जन (केएलडी)	:	**केएलडी**	
	विभिन्न स्रोतों से अपशिष्ट जल	:	**प्रयोजन** : **केएलडी** घरेलू : प्रक्रिया : बायलर : अन्य उपयोगिताएँ (कृपया निर्दिष्ट करें) :	
6.6	अपशिष्ट जल उपचार प्रणालियाँ	:	**अपशिष्ट का प्रकार** : **केएलडी** **उपचार प्रणाली** जैव-अपघटनीय : गैर-जैव-अपघटनीय : बॉयलर ब्लोडाउन : अन्य उपयोगिताएँ : कोई अन्य कुल :	
6.7	सीवेज उपचार संयंत्र विवरण	:	**क्र.सं.** **एसटीपी की क्षमता** : **केएलडी** 1. 2.	
	उपचारित अपशिष्ट के निपटान की विधि			
6.8	सीवेज उपचार संयंत्र विवरण	:	**क्र.सं.** **एसटीपी की क्षमता** : **केएलडी** 1. 2.	

IndiaCode

		उपचारित अपशिष्ट के निपटान की विधि	:	
	6.9	उपचारित अपशिष्ट जल टैंक, गार्ड तालाब, यदि कोई हो, की क्षमता	:	
	6.10	प्रत्येक इकाई संचालन/प्रक्रिया की इनलेट/आउटलेट विशेषताओं के साथ उपचार योजना का योजनाबद्ध आरेख	:	**उपाबंध किया जाए।**
	6.11	नदी/खाड़ी, नदमुख/नाली (सीवर का स्वामी)/समुद्र/भूमि/ईटीपी से जुड़ी हुई, का नाम	:	
	6.12	उपरोक्त मदों में शामिल न की गई कोई भी प्रासंगिक जानकारी	:	

भाग ग: वायु उत्सर्जन पहलू

(चिमनी वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों के मामले में अपेक्षित जानकारी)

7.0 ईंधनों के प्रकार

7.1 **विनिर्माण क्षमता के लिए प्रति घंटे ईंधन खपत और टीपीडी** :

क्र.सं.	**ईंधन**	**मात्रा**	**ऐश%**	**एस %**
1.	कोयला			
2	डीजल			
3.	भट्टी का तेल			
4.	प्राकृतिक गैस			
5.	लकड़ी			
6.	अन्य, यदि कोई हो			

7.2 स्टैक का विवरण (प्रक्रिया, ईंधन, डी.जी.):

क) ऊंचाई और व्यास (मी.) के साथ स्टैक और वेंट की संख्या

ख) प्रत्येक स्टैक और वेंट से स्टैक उत्सर्जन की गुणवत्ता और मात्रा

ग) वृहद औद्योगिक प्रक्रियाएँ/पलायक उत्सर्जन के स्रोत

घ) उत्सर्जन से निपटने के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण इकाइयों का संक्षिप्त विवरण

स्टैक	**से संलग्न**	**ईंधन**	**ऊंचाई (मी)**	**व्यास (मी)**	**प्रदूषक**	**नियंत्रण प्रणाली**	**पोर्ट होल और प्लेटफार्म**

IndiaCode

7.3	डी.जी. सेट	:	**क्र.सं.**	**केवी ए**	**ध्वनिक स्थिति**	**ऊंचाई (मी)**				
7. 4	उपरोक्त मदों में सम्मिलित न की गई कोई भी प्रासंगिक जानकारी	:								

भाग घ: खतरनाक अपशिष्ट पहलू

(खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों के मामले में अपेक्षित जानकारी)

8.0	**खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन**							
8.1	खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने की प्रक्रिया	:	क्र.सं.	प्रक्रिया	अनुसूची I का खंड	मात्रा/वार्षिक		
8.2	हेतु सहमति/ प्राधिकृति आवश्यक है	:	**क्र.सं.**	**गतिविधि**	:	**कृपया टिक करें**		
			1.	उत्पादन	:			
			2.	संग्रह	:			
			3.	भंडारण	:			
			4.	परिवहन	:			
			5.	रिसेप्शन	:			
			6.	पुनः उपयोग	:			
			7.	रीसाइक्लिंग	:			
			8.	पुनर्प्राप्ति	:			
			9.	पूर्व प्रसंस्करण	:			
			10.	सह प्रसंस्करण	:			
			11.	उपयोग	:			
			12.	उपचार	:			
			13.	निपटान	:			
			14.	भस्मीकरण	:			
8.3	तकनीकी क्षमताएं/सुविधाएं	:	**क्र.सं.**	**क्षमताएं**	:			
			1.	भंडारण क्षेत्र	:			
			2.	भंडारण मात्रा	:			

IndiaCode

			3.	भंडारण की विधि :
			4.	विशेष हैंडलिंग आवश्यकता, यदि कोई हो :
			5.	आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रिया :
			6.	लीचेट उपचार :
8.4	अपशिष्ट की प्रकृति (विशेषताएं) एवं मात्रा	:	**क) प्रति वर्ष प्रबंधित:** **ख) किसी भी समय संग्रहीत:**	
8.5	इन नियमों के अनुसार खतरनाक रसायनों के विनिर्माण, भंडारण और आयात नियम, 1989 के अंतर्गत परिभाषित खतरनाक रसायनों के भंडारण से उत्पन्न खतरनाक और अन्य अपशिष्ट।			
8.6	उपरोक्त मदों में शामिल न की गई कोई भी प्रासंगिक जानकारी	:		

IndiaCode

भाग ङ : भुगतान विवरण

9.0	भुगतान विवरण		
9.1	भुगतान विधि	:	ऑनलाइन/ऑफलाइन
9.2	ऑनलाइन के मामले में लेन-देन का विवरण	:	लेन-देन संख्या: दिनांक: स्थिति:
9.3	ऑफ़लाइन के मामले में ड्राफ्ट का विवरण	:	राशि (रु): ड्राफ्ट संख्या: के पक्ष में: बैंक का नाम: दिनांक:
9.4	**भुगतान किए गए फीस की रकम**	:	रु._____

घोषणा

क) मैं/हम घोषणा करते हैं कि उपरोक्त जानकारी मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। मैं/हम जानते हैं कि किसी भी प्रकार की मिथ्या जानकारी वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 38(च) के अंतर्गत दंडनीय है।

ख) मैं/हम यह स्वीकृत करते हैं कि कच्चे माल, उत्पाद, विनिर्माण प्रक्रिया और उपचार और/या अपशिष्ट, उत्सर्जन, खतरनाक अपशिष्ट आदि के निपटान के संबंध में इस आवेदन में बताई गई बातों में गुणवत्ता और मात्रा में किसी भी परिवर्तन के मामले में; सहमति के लिए एक नया आवेदन किया जाएगा और जब तक नवीन सहमति प्रदान नहीं दी जाती है, तब तक

कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। मैं/हम अवगत हैं कि धारा 21 का उल्लंघन, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय है।

ग) मैं/हम इसके साथ एक शपथ पत्र प्रस्तुत करते हैं जिसके आधार पर मुझे/हमें स्थापना हेतु सहमति जारी की जाएगी और मैं/हम वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 39 या किसी भ्रामक/गलत प्रस्तुति के अंतर्गत जिम्मेदार ठहराए जाएंगे।

घ) मैं/हम राज्य बोर्ड द्वारा कोई अन्य जानकारी मांगे जाने के एक मास के भीतर प्रस्तुत करने का वचन देते हैं।

दिनांक:

अधिभोगी/

स्थान: **अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर**

स्थापना हेतु सहमति प्रदान करने के लिए संलग्न किए जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज :

1. लाइसेंस/प्रमाणपत्र:

क. कंपनी की विधिक प्रस्थिति:

i. भागीदारी/स्वामित्व/कंपनी आदि; (या)

ii. एसएसआई/एमएसएमई प्रमाण पत्र (उद्योग आधार)/उद्यमिता ज्ञापन, यदि लागू हो;

ख. परियोजना का स्थान:

i. औद्योगिक क्षेत्र: संबंधित औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड/निगम से आवंटन पत्र/भूमि कब्जा प्रमाण पत्र; या

ii. औद्योगिक क्षेत्र के अनिरिवत: संबंधित प्राधिकरण से रजिस्ट्रीकृत भूमि विलेख/भूमि रूपांतरण प्रमाण पत्र/संपत्ति के किराए/पट्टा पर होने की स्थिति में किराया (या) पट्टा समझौता;

ग. खनन परियोजना: खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा प्रदत्त खनिज खनन पट्टा अनुमति, यदि लागू हो;

घ. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के अधीन जारी भारत सरकार की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 के अधीन केन्द्रीय सरकार या राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई **पर्यावरणीय मंजूरी,** यदि लागू हो;

ङ. निवेश: प्रस्तावित पूंजी निवेश के बारे में चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रमाणपत्र।

2. तकनीकी विवरण:

i. पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के अधीन जारी भारत सरकार की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533 (अ), दिनांक 14 सितंबर, 2006 के अधीन केंद्रीय सरकार या राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण को प्रस्तुत की गई हो; या

ii. परियोजना रिपोर्ट जिसमें विनिर्माण प्रक्रिया (फ्लो चार्ट के साथ लिखित), कच्चा माल, उत्पाद, उप-उत्पाद, भूमि सीमा, विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल स्रोत और खपत, विभिन्न गतिविधियों से अपशिष्ट जल उत्पादन, अपशिष्ट उपचार संयंत्र (फ्लो डायग्राम के साथ लिखित), जल संतुलन, प्रयुक्त ईंधन, उत्सर्जन के स्रोत और प्रस्तावित वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, डी. जी. सेट और प्लांट लेआउट योजना के साथ परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट उत्पादन सम्मिलित हो।

फॉर्म II

[पैरा 11 (2) और 12 (1) देखिए]

वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन औद्योगिक संयंत्र संचालित करने की सहमति के लिए आवेदन

द्वारा

_____

_____

_____

सेवा में

सदस्य सचिव

_____ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/समिति

_____

_____

श्रीमान,

मैं/हम औद्योगिक संयंत्र प्रचालन हेतु सहमति या वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) की धारा 21 के अधीन सहमति के नवीकरण या संशोधित उत्पाद के लिए प्रचालन या प्रक्रिया या उपचार तथा वायु प्रदूषकों के उत्सर्जन या उत्सर्जन को जारी रखने के लिए सहमति हेतु आवेदन करते हैं।

मैसर्स _____ के स्वामित्व वाली भूमि/परिसर स्थान_____

नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार:

आवेदक द्वारा भरा जाना है

भाग क: साधारण

क्र.सं.	अपेक्षित ब्यौरा	:			
1.0	परियोजना का ब्यौरा :				
1.1	परियोजना का नाम/उद्योग/टीएसडीएफ	:			
1.2	परियोजना प्रस्ताव	:	विस्तार/नवीनीकरण/विधिमान्यता विस्तार/अंतरण		
1.3	पर्यावरण मंजूरी का ब्यौरा	:			
1.4	साइट / यूनिट का पता	:	प्लॉट/सर्वे नंबर	:	
			गांव	:	
			तहसील	:	
			जिला	:	
			राज्य/संघ शासित प्रदेश	:	
			पिन कोड	:	

2.0	**आवेदक/अधिभोगी ब्यौरा:**					
2.1	आवेदक / अधिभोगी का नाम	:				
2.2	पदनाम	:				
2.3	अधिभोगी की राष्ट्रीयता					
2.4	पत्राचार पता	:	प्लॉट/ सर्वे नंबर/ सड़क का नाम	:		
			गांव/कस्बा/शहर	:		
			तहसील/तालुक	:		
			जिला	:		
			राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	:		
			पिन कोड	:		
2.5	**वैकल्पिक ब्यौरा के साथ प्लांट प्रमुख का संपर्क ब्यौरा**	:	नाम और पदनाम:	:	1. 2.	
			ई-मेल पता	:	1. 2.	
			लैंडलाइन नंबर	:	1. 2.	
			मोबाइल नंबर	:	1, 2.	
3.0	**कंपनी की विधिक प्रास्थिति:**					
3.1	वैयक्तिक / स्वामित्व समत्थान/ साझेदारी फर्म/ संयुक्त परिवार समत्थान / प्राइवेट लिमिटेड कंपनी/ पब्लिक लिमिटेड कंपनी/ विदेशी कंपनी/ सीमित दायित्व भागीदारी। टिप्पण: रजिसट्रीकरण संख्या और प्राधिकरण का उल्लेख किया जाए।	:				
3.2	केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रीय सार्वजनिक सेक्टर उपक्रम/राज्य सार्वजनिक सेक्टर उपक्रम/संयुक्त उद्यम (निजी+सरकारी), (सरकारी+सरकारी), (निजी+निजी)					
4.0	परियोजना/ उद्योग/ क्रियाकलाप का अवस्थान :					
4.1	अवस्थान	:	**केएमएल अपलोड करें**			
4.2	परिबद्ध अक्षांश (उत्तर) (दशमलव के पश्चात 8 अंक)	:	से	:		
			तक	:		
4.3	परिबद्ध देशांतर (पूर्व) (दशमलव के पश्चात 8 अंक)	:	से	:		
			तक	:		

IndiaCode

4.4	संरक्षित क्षेत्र, तटीय विनियमन क्षेत्र, जैवमंडल, जलाशय, वन, कच्छ वनस्पति, नदियाँ, पुरातात्विक स्मारक, गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्र, गैर-प्राप्ति शहर, प्रदूषित नदी खंड, हिल स्टेशन (ऊंचाई > 600 मीटर), प्रमुख कस्बे और शहरों के पारिप्रास्थितिकी-संवेदी क्षेत्र में स्थित	:				
4.4	भारतीय सर्वेक्षण टोपो शीट संस्था	:				
4.5	भूमि ब्यौरा (पंचायत, तहसील, जिले के अनुसार)	:	स्वामित्व/पट्टे पर	:		
			कुल क्षेत्रफल हेक्टेयर में	:		
			क) गैर-वन (हेक्टेयर में)	:		
			ख) वन (हेक्टेयर में)	:		
			वार्षिक पट्टा मूल्य, पट्टा रुपए की दशा में	:		
			निर्माण क्षेत्र वर्ग मीटर में	:		
			हरित पट्टी का आवरण कुल क्षेत्रफल के % में	:		
4.6	वर्ग मीटर में भूमि सीमा	:	स्वयं-कृषि	:		
			औद्योगिक	:		
			संपरिवर्तित	:		
			औद्योगिक क्षेत्र	:		
			क) आवेदन किया और आबंटित नहीं किया गया	:		
			ख) आवेदन किया और आबंटित किया गया	:		
			ग) पट्टे पर दिया गया	:		
5.0	**प्रवर्ग और परियोजना/ उद्योग/ क्रियाकलाप का वर्गीकरण:**					
5.1	उद्योग का प्रवर्ग (लाल, नारंगी और हरा)	:	प्रवर्ग	:		
			प्रदूषण सूचकांक	:		
5.2	औद्योगिक क्षेत्र/ प्रकार	:				
5.3	अत्यधिक प्रदूषणकारी/ 17 प्रवर्ग/ अन्य	:				
5.4	पूंजी विनिद्धान के आधार पर उद्योग का पैमाना (सूक्ष्म/लघु/मध्यम/बड़ा)	:	कुल पूंजी विनिद्धान (रु.)	:		
			पैमाना/वर्गीकरण	:		
5.5	उत्पाद/ उप-उत्पाद विनिर्माण क्षमता (टीपीडी/टीपीए)	:	**उत्पाद/उप-उत्पाद**	:	**क्षमता**	
				:		
				:		
				:		

5.6	विनिर्माण क्षमता के लिए कच्चे माल/ रसायन खपत (टीपीडी और टीपीए)	:	**कच्चा माल**	:	**खपत**		
				:			
				:			
				:			
5.7	प्रक्रिया प्रवाह चार्ट और सामग्री संतुलन, प्रौद्योगिकी का लाभ आदि के साथ संक्षिप्त विनिर्माण प्रक्रिया।	:	**उपाबंध किया जाए**				
5.8	उत्पादन आरंभ होने की तारीख/ अपेक्षित तारीख	:					
5.9	नियुक्त होने वाले/नियुक्त लोगों की संख्या	:					
5.10	उद्योग शिफ्ट/साप्ताहिक छुट्टी	:	शिट्स (I / II / III) और घंटों में	:			
			दिनों में साप्ताहिक छुट्टी	:			
5.11	एमएसआईएचसी नियमों के अनुसार परिसंकटमय रसायनों का उपयोग	:	**क्र.सं.**	**रसायन**	**एचएस कोड**	**भंडारण क्षमता**	**दैनिक उपभोग**
			1.				
			2				
			3.				
5.12	पी एल आई अधिनियम , 1991 के तहत बीमा	:	**क. बीमा संख्या और क्रमांक (जिसके लिए लिया गया)** **ख.बीमा कंपनी** **ग.वैधता** **घ.** क्षतिपूर्ति सीमा (रु. में) ङ. ई आर एफ़ में योगदान (रु. में)				

IndiaCode

भाग ख: अपशिष्ट जल पहलू

6.0	**जल खपत और अपशिष्टजल उत्पादन**		
6.1	जल स्रोत	:	**भूजल/ नदी/ औद्योगिक संपदा आपूर्ति/ निजी टैंकर/ समुद्र/ पुनर्नवीनीकरण/ कोई अन्य, यदि कोई हो**
6.2	अनुमति प्रदानकर्ता प्राधिकारी और अनुमत मात्रा	:	**प्राधिकरण:** **मात्रा:**
6.3	विनिर्माण क्षमता हेतु जल खपत (केएलडी)	:	
6.4	विनिर्माण क्षमता के लिए जल उपयोग। (विभिन्न बिंदुओं पर टीडीएस के साथ मात्रा दिखाते हुए जल संतुलन उपबंध करें)	:	**प्रयोजन** : **केएलडी** घरेलू : प्रक्रिया : बॉयलर : अन्य उपयोगिताएँ (कृपया विनिर्दिष्ट करें) :

6.5	विनिर्माण प्रक्रिया के लिए अपशिष्ट जल उत्पादन (केएलडी)	:	केएलडी
	विभिन्न स्रोतों से अपशिष्ट जल	:	**प्रयोजन** : केएलडी घरेलू : प्रक्रिया : बॉयलर : अन्य उपयोगिताएँ (कृपया विनिर्दिष्ट करें) :
6.6	अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली	:	**बहि:स्राव का प्रकार** : **केएलडी** **उपचार प्रणाली** जैव-अपघटनीय : गैर-जैव-अपघटनीय : बॉयलर ब्लोडाउन : अन्य प्रसाधन : कोई अन्य **कुल** :
6.7	मल उपचार संयंत्र(संयंत्रों) का ब्यौरा	:	**क्र.सं.** **एसटीपी की क्षमता** : **केएलडी** 1. 2.
	उपचारित बहि:स्राव के निपटान की रीति		
6.8	बहि:स्राव उपचार संयंत्र ब्यौरा	:	**क्र.सं.** **ईटीपी की क्षमता** : **केएलडी** 1. 2.
	उपचारित बहि:स्राव के निपटान की रीति	:	
6.9	उपचारित अपशिष्ट जल हौदी, गार्ड तालाब, यदि कोई हो, की क्षमता	:	
6.10	प्रत्येक इकाई प्रचालन/प्रक्रिया की इनलेट/आउटलेट विशेषताओं के साथ उपचार स्कीम का स्कीमबद्ध आरेख	:	**उपाबद्ध किया जाए।**
6.11	प्रक्रिया/मानकों के अनुसार पीएच, एसएस, टीडीएस और मुख्य आयनों, बीओडी/सीओडी, तेल और ग्रीस तथा सुसंगत धातुओं और पोषक तत्वों के संबंध में उपचार पूर्व और पश्चात अपशिष्ट की गुणवत्ता (अंतिम आउटलेट पर)। (ईपीए मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से अनुपचारित और उपचारित अपशिष्ट की विश्लेषण रिपोर्ट उपबंध करें) टिप्पण: प्रस्तावित इकाई के लिए अपशिष्ट की अपेक्षित विशेषताएं प्रस्तुत करें	:	**उपाबद्ध किया जाए।**

IndiaCode

6.12	नदी/खाड़ी, नदमुख/नाली (सीवर का स्वामी)/समुद्र/भूमि/ईटीपी से संबद्ध का नाम	:	
6.13	एच एंड ओडब्ल्यू नियम, 2016 के अधीन कवर किए गए 'परिसंकटमय' और 'अन्य' अपशिष्टों के लिए पृथकत: ठोस अपशिष्टों का ब्यौरा और एच एंड ओडब्ल्यू नियम, 2016 के अधीन कवर नहीं किए गए अन्य ठोस अपशिष्टों के साथ-साथ उनकी प्रबंधन प्रणाली का ब्यौरा	:	**उपाबद्ध किया जाए।**
6.14	उपचार-प्रदर्शन और पर्यावरणीय-अनुपालन निगरानी और रिपोर्टिंग प्रणाली का ब्यौरा	:	**उपाबद्ध किया जाए।**
6.15	उपरोक्त मदों में शामिल नहीं की गई कोई भी सुसंगत जानकारी	:	

भाग ग: वायु उत्सर्जन पहलू

(चिमनी वाले औद्योगिक स्थापनों की दशा में आवश्यक जानकारी)

7.0 ईंधनों का प्रकार

7.1 विनिर्माण क्षमता के लिए प्रति घंटा ईंधन खपत और टीपीडी :

क्र.सं.	**ईंधन**	**मात्रा**	**ऐश%**	**एस %**
1.	कोयला			
2	डीजल			
3.	भट्टी का तेल			
4.	प्राकृतिक गैस			
5.	लकड़ी			
6.	अन्य, यदि कोई हो			

7.2 स्टैक का ब्यौरा (प्रक्रिया, ईंधन, डी.जी.):

क) ऊंचाई और व्यास (मी.) के साथ स्टैक और वेंट की संख्या

ख) प्रत्येक स्टैक और वेंट से स्टैक उत्सर्जन की गुणवत्ता और मात्रा

ग) प्रमुख औद्योगिक प्रक्रियाएँ/पलायक उत्सर्जन के स्रोत

घ) उत्सर्जन से निपटने के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण इकाइयों का संक्षिप्त ब्यौरा

स्टैक	से उपबंध	ईंधन	ऊंचाई (मीटर)	व्यास (मीटर)	प्रदूषक	नियंत्रण प्रणाली	पोर्ट होल और प्लेटफ़ॉर्म

IndiaCode

| | | |

			9.	पूर्व-प्रसंस्करण	:	
			10.	सह-प्रसंस्करण	:	
			11.	उपयोग	:	
			12.	उपचार	:	
			13.	निपटान	:	
			14.	भस्मीकरण	:	

8.3	तकनीकी क्षमताएं/सुविधाएं	:	**क्र.सं.**	**क्षमताएं**	**:**	
			1.	भंडारण क्षेत्र	:	
			2.	भंडारण मात्रा	:	
			3.	भंडारण की विधि	:	
			4.	विशेष हैंडलिंग आवश्यकता, यदि कोई हो	:	
			5.	आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रिया	:	
			6.	लीचेट उपचार	:	
